मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः 15.09.2025

थाना ड्रमण्डगंज पुलिस द्वारा 03 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, मौके से चोरी की एक अपाचे मोटरसाइकिल तथा चोरी की घटना में प्रयुक्त चाभी का गुच्छा बरामद —

"सोमेन बर्मा" वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने तथा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान, वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने सहित घटनाओं में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं चोरी के वाहनों की बरामदगी कराये जाने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये हैं।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांकः15.09.2025 को थाना ड्रमण्डगंज पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना ड्रमण्डगंज क्षेत्रान्तर्गत बड़का घुमाव पहाड़ बहद् ग्राम देवहट के पास से बिना नम्बर अपाचे मोटरसाइकिल सवार 03 नफर शातिर अभियुक्तों 1.अभिषेक उर्फ अवनीश सिंह, 2.अवनीश पुत्र पवन सिंह व 3.राज सिंह पुत्र सूर्यपाल सिंह को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक अदद मोबाइल फोन, ₹ 100 नगद व एक अदद चाभी का गुच्छा 04 चाभी युक्त बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना ड्रमण्डगंज पर मु0अ0सं0-139/2025 धारा 317(2),318(4),317(4),317(5) बीएनएस पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार अभियुक्तों को मा0न्यायालय/जेल भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा मौके से बरामद चोरी की अपाचे मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में बताया गया कि वह उसे 4-5 दिन पूर्व जनपद प्रयागराज के थाना दारागंज क्षेत्र से चोरी किये थे जिसका नम्बर प्लेट को निकाल कर नदी में फेंक दिये थे ताकि पकड़े न जा सकें। बरामद चाभी के गुच्छे के सम्बन्ध में बताया गया कि मोटरसाइकिलों का लॉक इन चाभियों की मदद से खोलकर चोरी की घटना को अंजाम देते है और चोरी की मोटरसाइकिल की बिक्री कर प्राप्त धनराशि को आपस में बाँट लेते है।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण —

1.अभिषेक उर्फ अवनीश सिंह पुत्र सुरेन्द्र प्रताप सिंह निवासी शिपहुआ थाना कोरांव जनपद प्रयागराज, उम्र करीब-22 वर्ष।

2.अवनीश पुत्र पवन सिंह निवासी सैम्हा थाना कोराँव जनपद प्रयागराज, उम्र करीब-21 वर्ष।

3.राज सिंह पुत्र सूर्यपाल सिंह निवासी मानपुर बड़ोखर थाना कोराँव जनपद प्रयागराज, उम्र करीब-19 वर्ष।

पंजीकृत अभियोग—

मु0अ0सं0-139/2025 धारा 317(2),318(4),317(4),317(5) बीएनएस थाना ड्रमण्डगंज जनपद मीरजापुर।

विवरण बरामदगी—

चोरी की एक अदद मोटरसाइकिल टीवीएस अपाचे बिना नम्बर।

एक अदद चाभी का गुच्छा 04 चाभी युक्त।

एक अदद मोबाइल व ₹ 100/- नगद।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय —

बड़का घुमाव पहाड़ बहद् ग्राम देवहट के पास से, आज दिनांकः15.09.2025 को समय 05:37 बजे।

गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम —

उप-निरीक्षक रामविलाश थाना ड्रमण्डगंज जनपद मीरजापुर।

आरक्षी पावस कुमार व कुलदीप कुमार।

****